फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय नौघर

लम्बगॉव टिहरी गढवाल (उत्तराखण्ड) 249165

Website: www.psbcollegelambgaon.in
E-mail : gdclambgaon2001@gmail.com
mobile 7078802868

फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय नौघर लंबगांव में आज दिनांक 10.10.2023 को **गृह विज्ञान विभाग द्वारा मिश्रित मोड में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी** का आयोजन किया गया, जिसका **विषय "गृह विज्ञान शिक्षा के माध्यम से महिला सशक्तिकरण"** रहा।

इस संगोष्ठी में **मुख्य अतिथि** के रूप में **प्रोफेसर (डॉ.) आनंद सिंह उनियाल संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखंड (हल्द्वानी)** रहे।

उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रोफेसर आनंद सिंह उनियाल ने कहा "गृह विज्ञान विषय महिलाओं के जीवन को क्रांतिकारी तरीके से परिवर्तित करने की क्षमता रखता है। उत्तराखंड में शासन द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं। मेरा मानना है कि यह विचार गोष्ठी भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मैं इसके लिए महाविद्यालय परिवार और विशेष रूप से गृह विज्ञान विभाग को बधाई ज्ञापित करता हूं।"

कार्यक्रम की **अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार शर्मा** ने की, राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि का परिचय देते हुए प्रोफेसर शर्मा ने कहा "प्रोफेसर आनंद सिंह उनियाल उत्तराखंड की शिक्षा व्यवस्था एवं समाज के उत्थान में उसकी भूमिका को लेकर महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। इस विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में हमारा आमंत्रण स्वीकार कर उन्होंने हमें अनुग्रहित किया है, इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के माध्यम से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकगण और अकादमिक जनों को काफी नए अंत: सूत्रों की प्राप्ति हुई।

राष्ट्रीय संगोष्ठी के प्रथम तकनीकी सत्र में **डॉ. रिचा त्यागी (वरिष्ठ प्राध्यापक दिल्ली विश्वविद्यालय)** ने संगोष्ठी के बीज वक्ता के रूप में बोलते हुए "गृह विज्ञान के माध्यम से आधी आबादी के जीवन में आर्थिक रूप से कितने सकारात्मक परिवर्तन आ सकते हैं" इस मुद्दे पर अपना व्याख्यान केंद्रित किया। कार्यक्रम की विशिष्ट वक्ता **डॉ. योगिता सिंह (विभाग अध्यक्ष गृह विज्ञान आर सी सी वी गर्ल्स कॉलेज गाजियाबाद)** गृह विज्ञान के बढ़ते हुए क्षेत्र के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अन्य विशिष्ट वक्ता **डॉ. विनीत तेवतिया (लघु कुटीर उद्योग विशेषज्ञ नई दिल्ली)** ने गृह विज्ञान विषय में करियर विकल्पों एवं लघु कुटीर उद्योगों में संसाधनों के विकल्पों पर अपनी बात रखी, उनका मानना था गृह विज्ञान विषय पढ़कर निज करियर विकल्प खड़े किए जा सकते हैं, संसाधनों की उनमें कोई कमी नहीं है।

कार्यक्रम का **संयोजन महाविद्यालय गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष मयनी चौधरी** द्वारा किया गया, कार्यक्रम संयोजन समिति में डॉक्टर विजय राणा, श्री मयंक, डॉक्टर भारत राणा, डॉक्टर भरत सिंह चुफाल, श्रीमती प्रियंका डिमरी,

श्रीमती अनुज रावत, श्री धनेश उनियाल, श्री बलबीर चौहान रहे। मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विपिन कुमार शर्मा ने कहा प्रोफेसर आनंद सिंह उनियाल वरिष्ठ शिक्षाविद एवं संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखंड की प्रशासनिक दायित्व के साथ-साथ ही निज सामाजिक निष्ठा के माध्यम से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में वह महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं।

राष्ट्रीय संगोष्ठी में महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं, प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

News: https://khabaruttarakhandki.com/news/uttarakhand-news/organization-of-mixed-mode-one-day-national-seminar-in-government-college-lambgaon-2021



विभागीय परिषद
गृह विज्ञान विभाग
फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय
लम्बगॉव, टिहरी गढ़वाल (उत्तराखण्ड)

Dr. Richa Tyagi
Dr. Yogita Singh


Dr. Vineeta Tewatia
Mayani Chaodhary

विभागीय परिषद
गृह विज्ञान विभाग
फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय
GPS Map Camera
Tehri Garhwal,UT,भारत
SH 69, Pratapnagar, Tehri Garhwal, 249265, UT, भारत
Lat 30.521531, Long 78.497610
10/10/2023 11:51 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera

गृह विज्ञान महिला सशक्तिकरण में सक्षम

नौघर कॉलेज में आयोजित की गई गोष्ठी

लंबगांव (टिहरी)। नौघर कॉलेज में गृह विज्ञान विभाग की ओर से महिला सशक्तिकरण पर गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा प्रो. आनंद सिंह उनियाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

मंगलवार को गोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार शर्मा ने की। कहा कि प्रथम तकनीकी सत्र में दिल्ली विवि की डॉ. ऋचा त्यागी ने कहा कि गृह विज्ञान के माध्यम से आधी आबादी के जीवन में आर्थिक रूप से सकारात्मक परिवर्तन आ सकते हैं। गाजियाबाद आरसीसीवी गर्ल्स कॉलेज की गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. योगिता सिंह ने गृह विज्ञान के बढ़ते क्षेत्र की जानकारी दी।

लघु कुटीर उद्योग विशेषज्ञ डॉ. विनीत तेवतिया ने गृह विज्ञान विषय में कैरिअर विकल्प एवं लघु कुटीर उद्योगों में संसाधनों के विकल्पों की जानकारी दी। कार्यक्रम में संयोजक गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष मयनी चौधरी, गोष्ठी में डॉ. विजय राणा, मयंक, डॉ. भरत राणा, डॉ. भरत सिंह चुफाल, प्रियंका डिमरी, अनुज रावत, धनेश उनियाल, बलबीर चौहान और डॉ. विपिन कुमार शामिल हुए। संवाद